p>

Regarding damage to the crops of farmers due to hailstorm.

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : महोदय, मैं शून्यकाल में एक महत्वपूर्ण मामला उठाना चाहता हूं। मराठवाड़ा और विदर्भ पिछले दो सालों से अकाल की मार झेल रहा है और सरकार द्वारा जिस प्रकार की मदद मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पाई है। मैं जिस क्षेत्र से आता हूं वह देश के सबसे अधिक आत्महत्या वाला क्षेत्र है। चार दिन पहले मेरे क्षेत्र में बारिस हुई और ओलावृष्टि भी हुई इसकी वजह से महागांव, उमरखेड़, सेनगांव, हिंगोली, कलमदुंडी, औंधानागड़, बसमत, हिमायत के ब्लॉकों में किसानों की खेती का नुकसान हुआ है। गेहूं, चना, केला, संतरा, तरबूज, गन्ना, सोयाबीन, कपास, ज्वार, मूंगफली, मौसमी और अनार जैसे फसलों का बहुत नुकसान हुआ है। मेरी सरकार से मांग है कि किसानों की मदद के लिए 50,000/- रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से और बैंकों द्वारा कर्ज माफी की जाए और नया कर्ज उपलब्ध कराया जाए।